# Logical Reasoning

(1). कथन: सामयिक विषय (Current Affairs) की कुशल तैयारी के लिए रोजाना अखबार के नोट्स बनाने चाहिए-

धारणाये:
1. समाचार पत्रों के बिना सामयिक विषय की तैयारी कुशलता के साथ नहीं की जा सकती है।
2. रोजाना करंट अफेयर्स के नोट्स बनाने से अच्छी तरह से तैयारी में मदद मिलती है।

→ केवल धारणा II कथन में निहित है।

(2). उस विकल्प का चयन कीजिए जो नि॰ कथन के लिए वैध पूर्वधारणा हो-

कथन: रेल मंत्रालय ने छुट्टियों के लिए हॉलीडे स्पेशल ट्रेन चलाई है तथा मौजूदा ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बे जोड़े जाते हैं।

→ छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है।

(3). कथन: डॉक्टर की स्पष्ट चेतावनी के बावजूद रमेश, जो कि मधुमेह का रोगी है, उसने अपने मित्र के विवाह के अवसर पर आइसक्रीम खाई।

→ आइसक्रीम रमेश के स्वास्थ्य के लिए अच्छी नहीं है।

(4). कथन: दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के कारण पिछली दीवाली में पटाखों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

→ पटाखे जलाने से धुँआ बढ़ जाता है, जिससे शहर में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि हो जाती है।

(5). कथन: सेमीफाइनल क्रिकेट मैच में दोनों सलामी बल्लेबाजों को जल्दी खो देने पर, मध्य क्रम के बल्लेबाजों पर रन बनाने का भारी दबाव था।

→ विपक्षी पारी के सलामी बल्लेबाजों को जल्दी आउट करने में सफल रहे

(6). कथन: भारत में मनाए जाने वाले त्योहार लोगों के जीवन में खुशियाँ लाते हैं और इसमें विभिन्न आवश्यकताओं के लिए अतिरिक्त खर्च भी होता है।

धारणाएं-
1. त्योहारों के दौरान लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।
2. त्योहार लोगों के जीवन में खुशी लाते हैं।

→ दोनों धारणा I व II निहित है।

(7) कथन-: ट्रेन सुबह 8 बजे है। हमें 7 बजे निकलना चाहिए "पिता ने परिवार को निर्देश देते हुए कहा।"

धारणाएं: 1. ट्रेन जल्दी हो सकती है।

2. परिवार को रेलवे स्टेशन पहुंचने में औसतन 1 घण्टे का समय लगता है।

→ केवल धारणा II निहित है।

(8). कथन-: (i) प्रिंसिपल पूर्वाह्न 10 बजे विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे -

(ii) आप से अनुरोध है कि पूर्वाह्न 10 बजे से पहले अपना स्थान ग्रहण कर लें।

पूर्वानुमान-: (i) यदि विद्यार्थियों पूर्वाह्न 10 बजे से पहले अपना स्थान नहीं ग्रहण करता है, तो समारोह आरंभ नहीं होगा -

(ii) समारोह निर्धारित समय पर आरंभ होगा।

→ केवल धारणा II निहित है।

(9). कथन : PHD गणित की लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों के लिए पत्र में एक वाक्य आपको अपनी यात्रा का व्यय स्वंय वहन करना होगा आदि।

धारणा: (i) यदि स्पष्ट हो, तो सभी अभ्यर्थी व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए दावा कर सकते हैं।

(ii) अनेक संगठन लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को यात्रा व्ययों की प्रतिपूर्ति करते हैं।

→ धारणा I व II दोनों निहित है।

(10) कथन: नशीत ने अपनी वर्दी पहनी, अपनी बंदूक को भर लिया और अपने चालक संचालित आधिकारिक कार में काम के लिए निकल गया।

धारणा-: (i) नशीत सशस्त्र सेना में एक अधिकारी है।

(ii) नशीत जयपुर के राजभवन में तैनात एक सैन्य कमाण्डो है -

→ केवल धारणा I निहित है।